## झारखंड शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद्, राँची (झारखंड)

## द्वितीय सावधिक परीक्षा (2021- 2022)

मॉडल प्रश्न-पत्र सेट-3

| कक्षा-10 | विषय- हिंदी 'ए' | समय-1 घंटा 30 मिनट | पूर्णांक-40 |
|---|---|---|---|

**सामान्य निर्देश :-**

- **परीक्षार्थी यथासंभव अपनी ही भाषा-शैली में उत्तर दें।**
- **इस प्रश्न-पत्र के चार खंड हैं। सभी खंड के प्रश्नों का उत्तर देना अनिवार्य है।**
- **सभी प्रश्न के लिए निर्धारित अंक उसके सामने उपांत में अंकित है।**
- **प्रश्नों के उत्तर उसके साथ दिए निर्देशों के आलोक में ही लिखें।**
- **2 अंक के प्रश्नों के उत्तर लगभग 20 शब्दों में, 3 अंक के प्रश्नों के उत्तर लगभग 50 शब्दों में, 5 अंक के प्रश्नों के उत्तर लगभग 150 शब्दों में लिखें।**

### खंड-क (अपठित बोध)

नीचे दिए गए गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर संक्षेप में दीजिए : 2×3=6

साहस की जिन्दगी सबसे बड़ी जिन्दगी होती है। साहसी मनुष्य की पहचान यह है कि वह बिलकुल निडर होता है और इस बात की चिंता नहीं करता कि तमाशा देखने वाले लोग उसके बारे में क्या सोंच रहे हैं। अड़ोस-पड़ोस को देखकर चलना,यह साधारण जीव का काम है। क्रांति करने वाले लोग अपने उद्देश्य की तुलना न तो पड़ोसी के उद्देश्य से करते हैं और न अपनी चाल को पड़ोसी की चाल देखकर धीमा करते हैं। साहसी मनुष्य सपने भी उधार नहीं लेता, वह अपने विचारों में रमा हुआ अपनी ही किताब पढ़ता है। झुंड में चलना और चरना तो भैंस और भेंड़ का काम है। सिंह तो अकेला होने पर भी मगन रहता है। अर्नाल्ड बेनेट ने लिखा है कि जो आदमी यह महसूस करता है कि किसी महान निश्चय के समय वह साहस से काम नहीं ले सका, वह सुखी नहीं हो सकता है। जिंदगी को ठीक से जीना हमेशा ही जोखिम झेलना है और जोखिम से बचने वाला आदमी जिंदगी का मजा नहीं ले पाता है।

प्रश्न-1. साहसी मनुष्य की क्या पहचान है ?

प्रश्न-2. जिन्दगी को ठीक से जीना क्या है ?

प्रश्न-3. उपर्युक्त गद्यांश के लिए एक शीर्षक लिखें।

**खंड-ख (व्याकरण)**

निर्देशानुसार उत्तर दीजिए : 2×2=4

प्रश्न-4. क्रियाविशेषण अव्यय की परिभाषा सोदारहरण लिखें।

अथवा

वाक्य में अव्यय पद को रेखांकित करें-

(क) काश! आज वर्षा होती।

(ख) परीक्षा से पहले खूब पढ़ो।

प्रश्न-5. द्वंद्व समास किसे कहते हैं? उदाहरण दें।

अथवा

'लंबोदर' का समास विग्रह करें और समास का नाम लिखें।

**खंड-ग (पाठ्यपुस्तक)**

निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 3×4=12

प्रश्न-6. माँ को अपनी बेटी अंतिम पूँजी क्यों लग रही थी?

अथवा

माँ ने बेटी को क्या-क्या सीख दी?

प्रश्न-7. 'छाया मत छूना' कविता हमें क्या संदेश देती है?

प्रश्न-8. शहनाई की दुनिया में डुमरांव को क्यों याद किया जाता है?

अथवा

'एक कहानी यह भी' पाठ के आधार पर बताएँ कि वह कौन-सी घटना थी जिसके बारे में सुनने पर लेखिका को न अपनी आँखों पर विश्वास हो पाया और न अपने कानों पर?

प्रश्न-9. फादर की उपस्थिति देवदार की छाया जैसी क्यों लगती थी?

प्रश्न-10. 'और देखते ही देखते नई दिल्ली का काया पलट होने लगा' नई दिल्ली के काया पलट के लिए क्या-क्या प्रयत्न किए गए होंगे ? 1×3=3

**खंड-घ (रचना)**

प्रश्न 11. अपने क्षेत्र में पेड़-पौधों की अनियंत्रित कटाई को रोकने के लिए जिलाधिकारी को पत्र लिखें।

1×5=5

अथवा

वार्षिक परीक्षा की तैयारी का वर्णन करते हुए पिताजी को एक पत्र लिखें।

प्रश्न 12. दिए गए संकेत बिंदु के आधार पर निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर निबंध लिखें : 1×5=5

(क) मेरा भारत महान : संकेत बिंदु- प्रस्तावना, प्राकृतिक बनावट,इतिहास,धार्मिक सहिष्णुता एवं सौहार्द, उपसंहार

(ख) मेरे जीवन का लक्ष्य : संकेत बिंदु- भूमिका, मेरा लक्ष्य, ये लक्ष्य क्यों, तैयारी

प्रश्न 13. पर्यावरण के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए अधिकतम 50 शब्दों में एक आकर्षक विज्ञापन तैयार करें। 1×5=5

***********